रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/92

REGD. No. D-L-33004/92

1992

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 50] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 22, 1992/पौष 1, 1914
No. 50] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 22, 1992/PAUSA 1, 1914

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

अधिसूचना

बम्बई, 22 दिसम्बर, 1992

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992

संख्या एल ई-11112 92:—बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) की धारा 30 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से इसके द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:—

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—1. (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं:—इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "जांच प्राधिकारी" से बोर्ड का कोई ऐसा अधिकारी या कोई अन्य व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे प्रतिभूति बाजार से संबंधित समस्याओं के संबंध में कार्यवाही करने का अनुभव है और जो अध्याय 5 के अधीन बोर्ड द्वारा प्राधिकृत है ।

(ख) "प्ररूप" से अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट अभिप्रेत है,

(ग) "निरीक्षण प्राधिकारी" से अध्याय 4 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिए बोर्ड द्वारा नियुक्त एक या अन्य व्यक्ति अभिप्रेत है,

(घ) "मुख्य अधिकारी" से —

(i) किसी स्वत्वधारी समुत्थान की दशा में स्वत्वधारी,

(ii) किसी भागीदारी फर्म को

(iii) किसी निगमित निकाय की दशा में निदेशक अभिप्रेत है, जो मर्चेंट बैंककार के क्रियाकलाप के लिए उत्तरदायी है,

(ङ) "नियम" से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) नियम, 1992 अभिप्रेत है,

(च) उन शब्दों और पदों के जो इन विनियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किंतु अधिनियम और नियमों में परिभाषित हैं वे अर्थ होंगे जो यथास्थिति, अधिनियम या नियमों में उनके हैं ।

अध्याय 2

मर्चेंट बैंककारों का रजिस्ट्रीकरण

3. प्रमाणपत्र दिए जाने के लिए आवेदन:—(1) किसी व्यक्ति द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाने के लिए आवेदन प्ररूप क में बोर्ड को किया जाएगा ।

(2) उप-विनियम (1) के अधिन आवेदन मर्चेंट बैंककार के निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग के लिए किया जाएगा, अर्थात्:—

(क) प्रवर्ग I, अर्थात् —

(i) निर्गमन प्रबंध का कोई क्रियाकलाप चलाना जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ निगमन से संबंधित प्रास्पेक्टस और अन्य जानकारी तैयार करना, वित्तीय संरचना का अवधारण करना, वित्तदाताओं से संबंध बनाना और अंतिम आबंटन तथा अभिदाय का वापस करना सम्मिलित है; और

(ii) सलाहकार, परामर्शी, प्रबंधक निम्नांकक, संविभाग प्रबंधक के रूप में कार्य करना ।

(ख) प्रवर्ग-II, अर्थात्, सलाहकार, परामर्शी, सह-प्रबंधक, निम्नांकक, संविभाग प्रबंधक के रूप में कार्य करना,

(ग) प्रवर्ग-III, अर्थात् किसी निर्गमन के निम्नांकक, सलाहकार, परामर्शी के रूप में कार्य करना,

(घ) प्रवर्ग-IV, अर्थात् किसी निर्गमन के केवल सलाहकार या परामर्शी के रूप में कार्य करना ।

(3) उप-विनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी इन विनियमों के प्रवृत्त होने से पूर्व किसी मर्चेंट बैंककार द्वारा किया गया कोई आवेदन, जिसमें ऐसी या उनके यथा निकटतम विशिष्टियां हैं जो प्ररूप क में वर्णित है, उप-विनियम (1) के अनुसरण में किया गया आवेदन माना जाएगा और उसके संबंध में तद्नुसार कार्यवाही की जाएगी ।

4. आवेदन अपेक्षाओं के अनुरूप होगा:—विनियम 3 के उप-विनियम (3) के उपबंधों के अधीन रहते हुए कोई आवेदन जो सभी प्रकार से पूर्ण और प्ररूप में विनिर्दिष्ट अनुदेशों के अनुरूप नहीं है, नामंजूर कर दिया जाएगा :

परंतु यह कि किसी ऐसे आवेदन को नामंजूर करने से पूर्व आवेदक को ऐसी आपत्तियां जो बोर्ड द्वारा उठाई जाएं विनिर्दिष्ट समय के भीतर दूर करने का अवसर दिया जाएगा ।

5. जानकारी, स्पष्टीकरण देना और व्यक्तिगत प्रतिनिधित्व:—(1) बोर्ड आवेदक से आवेदन के निपटारे के प्रयोजनों के लिए किसी मर्चेंट बैंककार के क्रियाकलाप से सुसंगत बातों की बाबत और जानकारी या स्पष्टीकरण देने की अपेक्षा कर सकेगा ।

(2) आवेदक या उसका मुख्य अधिकारी यदि ऐसी अपेक्षा की जाए, व्यक्तिगत प्रतिनिधित्व के लिए बोर्ड के समक्ष हाजिर होगा ।

6. आवेदन पर विचार:—बोर्ड कोई प्रमाणपत्र देने पर विचार करने के लिए सभी बातों का ध्यान रखेगा जो मर्चेंट बैंककार से संबंधित क्रियाकलाप से सुसंगत हैं और विशेष रूप से यह कि आवेदक निम्नलिखित अपेक्षाओं का पालन करता है, अर्थात्:—

(क) कि आवेदक के पास पर्याप्त कार्यालय स्थान, उपस्कर और अपने क्रियाकलाप प्रभावी रूप से करने के लिए जनशक्ति जैसी आवश्यक अवसंरचना है;

(ख) आवेदक के नियोजन में कम से कम दो ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें मर्चेंट बैंककार के कारबार का संचालन करने का अनुभव है ;

(ग) आवेदक से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित किसी व्यक्ति को बोर्ड द्वारा रजिस्ट्रीकरण नहीं दिया गया है ;

स्पष्टीकरण:—इस खंड के प्रयोजनों के लिए "प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित" पद से, यदि आवेदक कोई निगमित निकाय है तो ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो आवेदक का सहयुक्त, समनुषंगी, अंतः संबंधित या समूह कंपनी है ।

(घ) आवेदक विनियम 7 में विनिर्दिष्ट पूंजी पर्याप्तता अपेक्षा को पूरा करता है ;

(ङ) आवेदक, उसका भागीदार, निदेशक या मुख्य अधिकारी प्रतिभूति बाजार से संबंधित किसी मुकदमेबाजी से लिप्त नहीं है जिससे आवेदक के कारबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ;

(च) आवेदक, उसका निदेशक, भागीदार या मुख्य अधिकारी किसी समय किसी ऐसे अपराध के लिए सिद्धदोष नहीं ठहराया गया है जिसमें नैतिक

अधमता अंतर्वलित है या किसी आर्थिक अपराध का दोषी नहीं पाया गया है ;

(छ) आवेदक के पास सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त किसी संस्था से वित्त, विधि या कारबार प्रबंध में वृत्तिक अर्हता है ;

(ज) आवेदक को प्रमाणपत्र देना विनिधानकर्ताओं के हित में है ।

7. पूंजी पर्याप्तता अपेक्षा:—(1) विनियम 6 के उप-विनियम (घ) में निर्दिष्ट पूंजी पर्याप्तता अपेक्षा रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति की शुद्ध मिल्कियत से कम नहीं होगी ।

(2) उप-विनियम (1) के प्रयोजनों के लिए शुद्ध मिल्कियत निम्नलिखित होगी, अर्थात्:—

प्रवर्ग	निम्नतम रकम
प्रवर्ग I	1,00,00,000 रुपए
प्रवर्ग II	50,00,000 रुपए
प्रवर्ग III	20,00,000 रुपए
प्रवर्ग IV	शून्य

स्पष्टीकरण—इस विनियम के प्रयोजनों के लिए ऐसे आवेदक की दशा में जो भागीदारी फर्म या निगमित निकाय है "शुद्ध मिल्कियत" से विनियम 3 के उप-विनियम (1) के अधीन आवेदन करने के समय यथास्थिति ऐसी फर्म के कारबार में अभिदाय की गई पूंजी का मूल्य या ऐसे निगमित निकाय की समादत्त पूंजी धन खुली आरक्षितियां अभिप्रेत हैं ।

8. रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रक्रिया:—(1) बोर्ड अपना यह समाधान होने पर कि आवेदक पात्र है प्ररूप ख में प्रमाणपत्र देगा और आवेदक को उस प्रवर्ग का वर्णन करते हुए सूचना देगा जिसके लिए बोर्ड ने प्रमाणपत्र दिया है ।

(2)(i) उप-विनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी जहां प्रमाणपत्र उस प्रवर्ग से निम्नतर प्रवर्ग के लिए दिया गया जिसके लिए आवेदन किया गया था वहां आवेदक ऐसा रजिस्ट्रीकरण मंजूर करने की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात् किसी भी समय बोर्ड को आवेदन कर सकेगा ।

(ii) बोर्ड खंड (i) के अधीन किए गए आवेदन पर विचार कर सकेगा और उच्चतर प्रवर्ग के लिए प्रमाणपत्र दे सकेगा ।

(3) उप-विनियम (2) के खंड (i) के अधीन किए गए आवेदन पर उसी रीति से विचार किया जाएगा जिस रीति से विनियम 3 के अधीन किए गए आवेदन पर विचार किया जाता है ।

(4) प्रमाणपत्र दिए जाने पर आवेदक उस प्रवर्ग के लिए फीस देने का दायी होगा जिसके लिए अनुसूची-2 के अनुसार रजिस्ट्रीकरण मंजूर किया गया है :

परंतु यह कि संदेय फीस उस वर्ष के लिए जिसमें रजिस्ट्रीकरण उच्चतर प्रवर्ग में मंजूर किया गया है मर्चेंट बैंककार द्वारा पहले ही संदत्त फीस की रकम में अनुपाततः कम कर दी जाएगी ।

9. प्रमाणपत्र का नवीकरण:—(1) प्रमाणपत्र की अवधि की समाप्ति से तीन मास पूर्व बैंककार यदि वह ऐसा चाहता है तो नवीकरण के लिए प्ररूप क में आवेदन कर सकेगा ।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन नवीकरण के लिए आवेदन पर उसी रीति से कार्यवाही की जाएगी मानो प्रमाणपत्र दिए जाने के लिए वह नया आवेदन हो ।

(3) बोर्ड, अपना यह समाधान होने पर कि आवेदक प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए पात्र है, प्ररूप ख में प्रमाणपत्र देगा और आवेदक को उस प्रवर्ग का वर्णन करते हुए सूचना देगा जिसके लिए बोर्ड ने प्रमाणपत्र दिया है ।

4) उप-विनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी जहां प्रमाणपत्र उस प्रवर्ग से निम्नतर प्रवर्ग के लिए दिया गया है जिसके लिए आवेदन किया गया था वहां आवेदक ऐसा रजिस्ट्रीकरण मंजूर करने की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात् किसी भी समय बोर्ड को आवेदन कर सकेगा ।

(5) उप-विनियम (4) के अधीन किए गए आवेदन पर उसी रीति से विचार किया जाएगा जिस रीति से विनियम 3 के अधीन किए गए आवेदन पर विचार किया जाता है ।

(6) प्रमाणपत्र दिए जाने पर आवेदक उस प्रवर्ग के लिए फीस देने का दायी होगा जिसके लिये अनुसूची-2 के अनुसार रजिस्ट्रीकरण मंजूर किया गया है :

परंतु यह कि संदेय फीस उस वर्ष के लिए जिसमें रजिस्ट्रीकरण उच्चतर प्रवर्ग में मंजूर किया गया है मर्चेंट बैंककार द्वारा पहले ही संदत्त फीस की रकम में अनुपाततः कम कर दी जाएगी।

10. प्रक्रिया जहां रजिस्ट्रीकरण मंजूर नहीं किया जाता है :—(1) जहां विनियम 3 के अधीन प्रमाणपत्र दिए जाने या विनियम 9 के अधीन नवीकरण के लिए आवेदन विनियम 6 में उपवर्णित मानदंड को पूरा नहीं करता है वहां बोर्ड सुने जाने का अवसर देने के पश्चात् आवेदन नामंजूर कर सकेगा ।

(2) रजिस्ट्रीकरण मंजूर करने से इंकार की सूचना ऐसे इंकार से तीस दिन के भीतर बोर्ड द्वारा आवेदक को दी जाएगी जिसमें वे आधार कथित होंगे जिन पर आवेदन नामंजूर किया गया है ।

(3) उप-विनियम (1) के अधीन बोर्ड के विनिश्चय से व्यथित कोई आवेदक ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर बोर्ड को उसके विनिश्चय पर पुनर्विचार के लिए आवेदन कर सकेगा ।

(4) बोर्ड उप-विनियम (3) के अधीन किए गए आवेदन पर पुनर्विचार करेगा और अपने विनिश्चय की लिखित सूचना आवेदक को यथासंभव शीघ्र देगा ।

11. प्रमाणपत्र देने से इंकार का प्रभाव:—कोई मर्चेंट बैंककार जिसका प्रमाणपत्र के लिए आवेदन बोर्ड द्वारा नामंजूर कर दिया गया है विनियम 10 के उप-विनियम (2) के अधीन सूचना की प्राप्ति की तारीख से ही मर्चेंट बैंककार के रूप में कोई क्रिया कलाप करना बंद कर देगा ।

12. फीस का संदाय और फीस का संदाय करने में असफलता के परिणाम:—(1) किसी प्रमाणपत्र के दिए जाने के लिए पात्र प्रत्येक आवेदक ऐसी फीस का संदाय अनुसूची-2 में विनिर्दिष्ट रीति से और अवधि के भीतर करेगा ।

(2) जहां कोई मर्चेंट बैंककार वार्षिक फीस का, जैसे अनुसूची-2 के साथ पठित उपविनियम (1) में उपबन्धित है, संदाय करने में असफल रहता है वहां बोर्ड रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को निलंबित कर सकेगा जिस पर मर्चेंट बैंककार उस अवधि के लिए मर्चेंट बैंककार के रूप में कोई क्रिया-कलाप करना बंद कर देगा जिसके दौरान निलंबन अस्तित्व-युक्त रहता है ।

अध्याय - 3

साधारण बाध्यताएं और उत्तरदायित्व

13. आचार संहिता:—प्रत्येक मर्चेंट बैंककार अनुसूची-3 में विनिर्दिष्ट आचार संहिता का पालन करेगा ।

14. लेखा-बहियां, अभिलेख आदि बनाए रखना:—(1) प्रत्येक मर्चेंट बैंककार निम्नलिखित लेखा बहियां, अभिलेख और दस्तावेज रखेगा और उन्हें बनाए रखेगा, अर्थात्:—

(क) प्रत्येक लेखा अवधि के अंत तक के तुलनपत्र की एक प्रति;

(ख) उस अवधि के लिए लाभ-हानि लेखा की एक प्रति;

(ग) उस अवधि के लिए लेखाओं पर लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट की एक प्रति ;

(घ) द्वितीय स्थिति का विवरण ।

(2) प्रत्येक मर्चेंट बैंककार बोर्ड को उस स्थान की सूचना देगा जहां लेखा-बहियां, अभिलेख और दस्तावेज बनाए रखे जाते हैं ।

(3) उप-विनियम (1) पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना प्रत्येक मर्चेंट बैंककार प्रत्येक लेखा अवधि के अंत के पश्चात् बोर्ड को, तुलनपत्र, लाभ-हानि लेखा और किन्हीं अन्य पूर्ववर्ती लेखा वर्षों के लिए ऐसे अन्य दस्तावेज पेश करेगा जब बोर्ड द्वारा अपेक्षा की जाए ।

15. अर्ध-वार्षिक परिणाम प्रस्तुत करना:—प्रत्येक मर्चेंट बैंककार बोर्ड को अर्ध-वार्षिक अपरीक्षित वित्तीय परिणाम प्रस्तुत करेगा जब मर्चेंट बैंककार की पूंजी पर्याप्तता की निगरानी करने की दृष्टि से बोर्ड द्वारा अपेक्षा की जाए ।

16. लेखा-बहियां, अभिलेख और अन्य दस्तावेज बनाए रखना:— मर्चेंट बैंककार विनियम 14 के अधीन बनाई रखी गई लेखा-बहियों और अन्य अभिलेखों तथा दस्तावेजों को कम से कम पांच वर्ष की अवधि के लिए परिरक्षित रखेगा ।

17. लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर उठाए गए कदमों पर रिपोर्ट:—प्रत्येक मर्चेंट बैंककार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख से दो मास के भीतर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में बताई गई कमियों को दूर करने के लिए कदम उठाएगा।

18. अग्रणी मर्चेंट बैंककारों की नियुक्ति:—(1) सभी निर्गमनों का अग्रणी मर्चेंट बैंककार के रूप में कार्य करने वाले कम से कम एक मर्चेंट बैंककार द्वारा प्रबंध किया जाना चाहिए;

परंतु यह कि त्यजन के अधिकार सहित या रहित विद्यमान सदस्यों को अधिकारों की प्रस्थापना के किसी निर्गमन में जहां निगमित निकाय के निर्गमन की रकम पचास लाख से अधिक नहीं है अग्रणी मर्चेंट बैंककार की नियुक्ति अनिवार्य नहीं होगी ।

(2) प्रत्येक अग्रणी मर्चेंट बैंककार किसी निर्गमन से संबंधित कार्य का जिम्मा लेने से पूर्व ऐसे निर्गमन और विशेष रूप से प्रकटीकरणों आबंटन, प्रतिदायों से संबंधित अपने परस्पर अधिकारों, दायित्वों और बाध्यताओं को उपवर्णित करते हुए ऐसे निगमित निकाय के साथ करार करेगा ।

19. अग्रणी प्रबंधकों की नियुक्ति पर निर्बंधन:—किसी निर्गमन की दशा में अग्रणी मर्चेंट बैंककारों की संख्या निम्नलिखित से अधिक नहीं हो सकेगी :—

निर्गमन का आकार	अग्रणी मर्चेंट बैंककारों की संख्या
(क) पचास करोड़ रुपए से कम	दो
(ख) पचास करोड़ रुपए किंतु एक, सौ करोड़ रुपए से कम	तीन
(ग) एक सौ करोड़ रुपए किंतु दो सौ करोड़ रुपए से कम	चार
(घ) दो सौ करोड़ रुपए किंतु चार सौ करोड़ रुपए से कम	पांच
(ङ.) चार सौ करोड़ रुपए से ऊपर	पांच या जितने बोर्ड द्वारा करार पाए

20. अग्रणी प्रबंधकों के उत्तरदायित्व:—(1) कोई भी अग्रणी प्रबंधक किसी निर्गमन का प्रबंध करने या उससे सहयुक्त होने का तब तक करार नहीं करेगा जब तक कि निर्गमन मुख्य रूप से प्रकटीकरण, आबंटन और प्रतिदाय से संबंधित उसके उत्तरदायित्व स्पष्ट रूप से परिनिश्चित, आबटित और अवधारित नहीं कर दिए जाते और ऐसे उत्तरदायित्वों को विनिर्दिष्ट करने वाला विवरण ऐसे निर्गमन को अभिदाय के लिए खोलने से कम से कम एक मास पूर्व बोर्ड को प्रस्तुत नहीं कर दिया जाता है :

परंतु यह कि जहां निर्गमन के एक से अधिक अग्रणी मर्चेंट बैंककार हैं वहां प्रत्येक ऐसे अग्रणी मर्चेंट बैंककार के उत्तरदायित्व स्पष्ट रूप में सीमांकित किए जाएंगे और ऐसे उत्तरदायित्वों को विनिर्दिष्ट करने वाला विवरण निर्गमन को अभिदाय के लिए खोलने से कम से कम एक मास पूर्व बोर्ड को प्रस्तुत किया जाएगा, और

(2) कोई भी अग्रणी मर्चेंट बैंककार किसी निगमित निकाय द्वारा किए गए निर्गमन का प्रबंध करने का करार नहीं करेगा यदि ऐसा निगमित निकाय अग्रणी मर्चेंट बैंककार का सहयुक्त है ।

21. अग्रणी मर्चेंट बैंककार रजिस्ट्रीकरण के बिना मर्चेंट बैंककार से सहयुक्त नहीं होगा:—कोई अग्रणी मर्चेंट बैंककार किसी निर्गमन के साथ सहयुक्त नहीं किया जाएगा यदि कोई मर्चेंट बैंककार जिसके पास प्रमाणपत्र नहीं है निर्गमन के साथ सहयुक्त है ।

22. निम्नांकन बाध्यताएं:—(1) प्रबंध किए जाने के लिए प्रत्येक निर्गमन की बाबत प्रवर्ग-1 के अधीन प्रमाणपत्र धारण करने वाला अग्रणी मर्चेंट बैंककार कुल निम्नांकन प्रतिबद्धता के पांच प्रतिशत या पचीस लाख रुपए की निम्नतम निम्नांकन बाध्यता, इनमें से जो भी कम हो, स्वीकार करेगा :

परन्तु यह कि यदि किसी विधि के उपबंधों के कारण अग्रणी प्रबंधक निम्नतम निम्नांकन बाध्यता स्वीकार करने मे असमर्थ है जैसा ऊपर कहा गया है तो अग्रणी मर्चेंट बैंककार उस निर्गमन से सहयुक्त किसी मर्चेंट बैंककार द्वारा उस सीमा तक निर्गमन को निम्नांकित करने के लिए व्यवस्था करेगा और ऐसी व्यवस्था के बारे में बोर्ड को सूचित करता रहेगा।

23. सम्यक् तत्परता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना:—अग्रणी मर्चेंट बैंककार जो प्रास्पेक्टस की विषयवस्तु या किसी निर्गमन की बाबत प्रस्थापना पत्र और उसमें अभिव्यक्त किए गए विचारों की युक्तियुक्तता का सत्यापन करने के लिए उत्तरदायी है अभिदाय के लिए निर्गमन खोलने से कम से कम दो सप्ताह पूर्व बोर्ड को प्रारूप ग में सम्यक् तत्परता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा ।

24. बोर्ड को प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज:—(1) निर्गमन के लिए उत्तरदायी अग्रणी प्रबंधक बोर्ड को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा, अर्थात्:—

(i) निर्गमन की विशिष्टियां;

(ii) प्रारूप प्रास्पेक्टस या जहां वर्तमान शेयर-धारकों को प्रस्थापना है वहां प्रस्थापना का प्रारूप पत्र ;

(iii) विनिधानकर्ताओं (जिनके अन्तर्गत शेयर-धारक हैं) को परिचालित किए जाने के लिए आशयित साहित्य ; और

(iv) किसी निर्गमन के प्रबंध से संबंधित अन्य दस्तावेज जो आवश्यक हैं ।

(2) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट दस्तावेज, यथास्थिति, प्रारूप प्रास्पेक्टस या प्रस्थापना पत्र फाइल करने की तारीख से कम से कम दो सप्ताह पूर्व कंपनी रजिस्ट्रार या प्रादेशिक स्टाक एक्सचेंजों या दोनों को प्रस्तुत किए जाएंगे।

(3) अग्रणी प्रबंधक यह सुनिश्चित करेगा कि विनिधानकर्ताओं की दी जाने वाली जानकारी की बाबत बोर्ड द्वारा, यथास्थिति, प्रारूप प्रास्पेक्टस या प्रस्थापना पत्र में किए गए उपांतर या सुझाव, यदि कोई हों, उसमें सम्मिलित किए गए हैं ।

25. किसी निर्गमन के साथ अग्रणी प्रबंधक का सहयुक्त बना रहना:—किसी निर्गमन की बाबत प्रतिदायों या प्रतिभूतियों के आबंटन के लिए उत्तरदायित्व का वचनबंध करने वाला अग्रणी प्रबंधक निर्गमन के साथ उस समय तक सहयुक्त रहेगा जब तक अभिदायकर्ताओं ने शेयर या डिबेंचर प्रमाणपत्र या अधिक आवेदन धन राशि प्राप्त नहीं कर ली हो :

परंतु यह कि जहां अग्रणी प्रबंधक से भिन्न व्यक्ति को किसी निर्गमन की बाबत प्रतिदाय या प्रतिभूतियों का आबंटन सौंपा जाता है वहां अग्रणी प्रबंधक यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी बना रहेगा कि ऐसा अन्य व्यक्ति अपेक्षित उत्तरदायित्वों का निर्वहन कंपनी अधिनियम और निगमित निकाय द्वारा स्टाक एक्सचेंज के साथ किए गए सूचियन करार के उपबंधों के अनुसार करता है ।

26. शेयरों का अर्जन प्रतिषिद्ध है:—कोई भी मर्चेंट बैंककार या उसका कोई निदेशक भागीदार या मुख्य अधिकारी अपने लेखे या अपने सहयुक्तों या नातेदारों की मार्फत निगमित निकायों की प्रतिभूतियों में कोई संव्यवहार ग्राहकों से या अन्यथा किसी वृत्तिक कर्तव्य के अनुक्रम के दौरान अपने द्वारा अभिप्राप्त अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के आधार पर नहीं करेगा ।

27. बोर्ड को जानकारी:—प्रत्येक मर्चेंट बैंककार किसी निगमित निकाय की, जिसके निर्गमन का प्रबंध उस मर्चेंट बैंककार द्वारा किया जा रहा है, प्रतिभूतियों के अर्जन के लिए किसी संव्यवहार की पूर्ण विशिष्टियां ऐसा संव्यवहार करने की तारीख से पंद्रह दिन के भीतर बोर्ड को प्रस्तुत करेगा ।

28. बोर्ड को प्रकटीकरण:—मर्चेंट बैंककार जैसे ही उससे अपेक्षा की जाए निम्नलिखित जानकारी बोर्ड को प्रकट करेगा, अर्थात्:—

(i) निर्गमन के प्रबंध की बाबत अपने उत्तरदयित्व,

(ii) पहले प्रस्तुत की गई जानकारी या विशिष्टियों में कोई परिवर्तन जो उसे दिए गए प्रमाणपत्र से संबंधित हैं,

(iii) उस निगमित निकाय के नाम जिसके निगमनों का उसने प्रबंध किया है या जिनके साथ वह सहयुक्त रहा है ।

(iv) विनियम 7 में यथाविनिर्दिष्ट पूंजी पर्याप्तता अपेक्षा के भंग से संबंधित विशिष्टियां,

(v) किसी निगमन के, यथास्थिति, प्रबंधक निम्नांक परामर्शी या सलाहकार के रूप में अपने क्रिया-कलाप से संबंधित ।

अध्याय 4

निरीक्षण के लिए प्रक्रिया

29. बोर्ड का निरीक्षण करने का अधिकार:—(1) बोर्ड उप विनियम (2) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से किसी प्रयोजन के लिए मर्चेंट बैंककार की लेखा बहियों, अभिलेखों और दस्तावेजों का निरीक्षण करने के लिए एक या अधिक व्यक्तियों को निरीक्षण प्राधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकेगा ।

(2) उप विनियम (1) में निर्दिष्ट प्रयोजन निम्नलिखित हो सकेंगे, अर्थात्:—

(क) यह सुनिश्चित करना कि लेखा बहियां अपेक्षित रीति से बनाई रखी जा रही हैं ,

(ख) कि अधिनियम, नियमों, विनियमों के उपबंधों का पालन किया जा रहा है,

(ग) मर्चेंट बैंककार के क्रियाकलाप से संबंधित किसी विषय पर विनिधानकर्ताओं, अन्य मर्चेंट बैंककारों या किसी अन्य व्यक्ति से प्राप्त शिकायतों का अन्वेषण करना, और

(घ) मर्चेंट बैंककार के कामकाज का प्रतिभूति कारबार के हित में या विनिधानकर्ताओं के हित में स्व-प्रेरणा से अन्वेषण करना ।

30. निरीक्षण के पूर्व सूचना:—(1) विनियम 29 के अधीन निरीक्षण करने के पूर्व बोर्ड मर्चेंट बैंककार को उस प्रयोजन के लिए युक्तियुक्त सूचना देगा ।

(2) उप विनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी जहां बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि विनिधान कर्ताओं के हित में ऐसी कोई सूचना नहीं दी जानी चाहिए वहां वह लिखित आदेश द्वारा यह निदेश दे सकेगा कि मर्चेंट बैंककार के कामकाज ीक्षण ऐसी सूचना के बिना किया जाए ।

(3) निरीक्षण के अनुक्रम में वह मर्चेंट बैंककार जिसके विरुद्ध निरीक्षण किया जा रहा है विनियम 31 के अधीन यथा उपबंधित अपनी बाध्यताओं का निर्वाहन करने के लिए आबद्ध होगा ।

31. बोर्ड द्वारा निरीक्षण पर मर्चेंट बैंककार की बाध्यताएं:—मर्चेंट बैंककार के, जिसका निरीक्षण किया जा रहा है, प्रत्येक निदेशक, स्वत्वधारी, भागीदार, अधिकारी और कर्मचारी का यह कर्तव्य होगा कि वह अपनी अभिरक्षा और नियंत्रण में ऐसी बहियां, लेखा और अन्य दस्तावेज निरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष पेश करे और मर्चेंट बैंककार के रूप में अपने क्रियाकलाप से संबंधित विवरण और जानकारी उसके समक्ष ऐसे समय के भीतर प्रस्तुत करे जिसकी निरीक्षण अधिकारी अपेक्षा करे ।

(2) मर्चेंट बैंककार ऐसे मर्चेंट बैंककार के या उसकी ओर से किसी अन्य व्यक्ति के अधिभोग में परिसरों तक निरीक्षण प्राधिकारी को युक्तियुक्त पहुंच रखने की अनुज्ञा देगा और मर्चेंट बैंककार या किसी ऐसे व्यक्ति के कब्जे में ऐसी किन्हीं बहियों, अभिलेखों, दस्तावेजों और कंप्यूटर डाटा का निरीक्षण करने के लिए युक्तियुक्त सुविधा भी प्रदान करेगा तथा दस्तावेजों या अन्य सामग्री की प्रतियां भी देगा जो निरीक्षण प्राधिकारी की राय में निरीक्षण के प्रयोजनों के लिए सुसंगत हैं ।

(3) निरीक्षण प्राधिकारी निरीक्षण के अनुक्रम में मर्चेंट बैंककार के किसी मुख्य अधिकारी, निदेशक, भागीदार, स्वत्वधारी और कर्मचारी की परीक्षा करने या कथन अभिलिखित करने का हकदार होगा ।

(4) मर्चेंट बैंककार के प्रत्येक निदेशक, स्वत्वधारी, भागीदार, अधिकारी या कर्मचारी का यह कर्तव्य होगा कि वह निरीक्षण प्राधिकारी को निरीक्षण के संबंध में वह सभी सहायता दे जिसके दिए जाने की मर्चेंट बैंककार से युक्ति-युक्त आशा की जा सकती है ।

32. बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करना:—निरीक्षण प्राधिकारी बोर्ड को निरीक्षण रिपोर्ट यथासाध्य शीघ्र प्रस्तुत करेगा ।

33. मर्चेंट बैंककार को निष्कर्ष की सूचना—(1) बोर्ड निरीक्षण रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इसके पूर्व कि निरीक्षण प्राधिकारी के निष्कर्षों पर बोर्ड द्वारा कोई कार्रवाई की जाती है मर्चेंट बैंककार को सुने जाने का अवसर देने के लिए उसे निष्कर्षों की सूचना देगा।

(2) मर्चेंट बैंककार से स्पष्टीकरण की प्राप्ति पर, यदि कोई हो, बोर्ड मर्चेंट बैंककार से ऐसे उपाय करने की अपेक्षा कर सकेगा जो बोर्ड प्रतिभूति बाजार के हित में और अधिनियम, नियमों और विनियमों के उपबंधों के सम्यक् पालन के लिए उचित समझे ।

34. लेखा परीक्षक की नियुक्ति:—बोर्ड मर्चेंट बैंककार की लेखा बहियों या उसके कामकाज का अन्वेषण करने के लिए अर्ह लेखापरीक्षक की नियुक्ति कर सकेगा ।

परन्तु यह कि इस प्रकार नियुक्त लेखापरीक्षक को निरीक्षण प्राधिकारी की वही शक्तियां होंगी जो विनियम 29 में कथित हैं और विनियम 31 में मर्चेंट बैंककार की बाध्यताएं इस विनियम के अधीन अन्वेषण को लागू होंगी ।

स्पष्टीकरण:—इस विनियम के प्रयोजनों के लिए "अर्ह लेखापरीक्षक" पद का वही अर्थ होगा जो कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 226 में दिया गया है।

अध्याय 5

व्यतिक्रम की दशा में कार्रवाई के लिए प्रक्रिया

35. व्यतिक्रम की दशा में कार्रवाई के लिए दायित्व:—

(1) कोई मर्चेंट बैंककार जो—

(क) किन्हीं शर्तों का पालन करने में असफल रहेगा जिनके अधीन रहते हुए प्रमाणपत्र दिया गया है,

(ख) अधिनियम, नियमों या विनियमों के किन्हीं भी उपबंधों का उल्लंघन करेगा, वह उप-विनियम (2) में विनिर्दिष्ट किन्हीं भी शास्तियों का दायी होगा ।

(2) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट शास्तियां या तो:—

(क) रजिस्ट्रीकरण का निलंबन, या

(ख) रजिस्ट्रीकरण का रद्दकरण, हो सकेंगी ।

36. रजिस्ट्रीकरण का निलंबन:—(1) मर्चेंट बैंककार के रजिस्ट्रीकरण के निलंबन की शक्ति वहां अधिरोपित की जा सकेगी जहां:

(i) मर्चेंट बैंककार अधिनियम, नियमों या विनियमों का अतिक्रमण करेगा,

(ii) मर्चेंट बैंककार,—

(क) मर्चेंट बैंककार के रूप में अपने क्रियाकलाप से संबंधित कोई जानकारी देने में असफल रहेगा जिसकी बोर्ड द्वारा अपेक्षा की जाए,

(ख) गलत या मिथ्या जानकारी देगा,

(ग) कालिक विवरणियां प्रस्तुत नहीं करेगा जिनकी बोर्ड अपेक्षा करे,

(घ) बोर्ड द्वारा संचालित किसी जांच में सहयोग नहीं करेगा ,

(iii) मर्चेंट बैंककार विनिधानकर्ताओं की शिकायतों का समाधान करने में असफल रहेगा या बोर्ड को इस निमित्त समाधानप्रद उत्तर देने में असफल रहेगा,

(iv) मर्चेंट बैंककार छलसाधन या कीमत में धोखाधड़ी करने या बाजार मुट्ठी में करने के क्रियाकलाप में लगेगा,

(v) मर्चेंट बैंककार अवचार या अनुचित या कारबार रीति विरुद्ध या अवृत्तिक आचरण का दोषी है जो अनुसूची-3 में विनिर्दिष्ट आचार संहिता के अनुसार नहीं है,

(vi) मर्चेंट बैंककार विनियम 7 में उपबंधों के अनुसार पूंजी पर्याप्तता अपेक्षा को बनाए रखने में असफल रहेगा,

(vii) मर्चेंट बैंककार फीस का संदाय करने में असफल रहेगा ,

(viii) मर्चेंट बैंककार रजिस्ट्रीकरण की शर्तों का अतिक्रमण करेगा,

(ix) मर्चेंट बैंककार अपनी बाध्यताओं को नहीं निभाएगा जैसा विनियम में विनिर्दिष्ट है ।

37. रजिस्ट्रीकरण का रद्दकरण:—मर्चेंट बैंककार रजिस्ट्रीकरण के निलंबन की शास्ति वहां अधिरोपित की जा सकेगी जहां—

(i) मर्चेंट बैंककार जानबूझकर छल साधन या कीमत में धोखाधड़ी या प्रतिभूति बाजार और विनिधान कर्ताओं के हित पर प्रभाव डालने वाले बाजार मुट्ठी में करने के क्रियाकलाप में लगेगा,

(ii) मर्चेंट बैंककार की वित्तीय स्थिति का इस सीमा तक क्षय हो जाएगा कि बोर्ड की यह राय है कि मर्चेंट बैंककार के रूप में उसका बने रहना विनिधानकर्ताओं के हित में नहीं है ;

(iii) मर्चेंट बैंककार कपट का दोषी है या किसी दांडिक अपराध का सिद्धदोष है ;

(iv) विनियम 36 में वर्णित प्रकृति के बारंबार व्यतिक्रमों की दशा में, परंतु यह तब जब बोर्ड रद्दकरण के लिए कारण लिखित रूप में दे ।

38. निलंबन और रद्दकरण का आदेश करने की रीति:—यथास्थिति, निलंबन या रद्दकरण की शास्ति का कोई भी आदेश विनियम 39 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार जांच करने के पश्चात् ही अधिरोपित किया जाएगा अन्यथा नहीं ।

39. निलंबन या रद्दकरण के पूर्व जांच करने की रीति:—(1) विनियम 38 के अधीन जांच करने के प्रयोजन के लिए बोर्ड एक जांच अधिकारी की नियुक्ति करेगा ।

(2) जांच अधिकारी मर्चेंट बैंककार को मर्चेंट बैंककार के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय या उसके कारबार के मुख्य स्थान पर सूचना जारी करेगा ।

(3) मर्चेंट बैंककार ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर जांच अधिकारी को दस्तावेजी या अन्य साक्ष्य सहित, जिनका वह आश्रय लेता है या बोर्ड द्वारा मर्चेंट बैंककार से अपेक्षित किया गया है, उत्तर प्रस्तुत करेगा ।

(4) जांच अधिकारी मर्चेंट बैंककार को उपविनियम (3) के अधीन दिए गए उसके उत्तर के समर्थन में निवेदन करने के लिए उसे समर्थ करने के लिए सुने जाने का युक्ति-युक्त अवसर देगा ।

(5) मर्चेंट बैंककार जांच अधिकारी के समक्ष या तो स्वयं या मर्चेंट बैंककार द्वारा सम्यक् रूप में प्राधिकृत किसी व्यक्ति की मार्फत हाजिर हो सकेगा ;

परन्तु यह कि किसी भी वकील या अधिवक्ता को जांच में मर्चेंट बैंककार का प्रतिनिधित्व करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी :

परन्तु यह और कि जहां बोर्ड द्वारा कोई वकील या अधिवक्ता उप-विनियम (6) के अधीन उपस्थिति अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है वहां किसी वकील या अधिवक्ता की मार्फत अपना मामला उपस्थित करना मर्चेंट बैंककार के लिए विधिपूर्ण होगा ।

(6) यदि यह आवश्यक समझा जाता है तो जांच अधिकारी बोर्ड को उसका मामला उपस्थित करने के लिए कह सकेगा ।

(7) जांच अधिकारी सभी सुसंगत तथ्यों और मर्चेंट बैंककार द्वारा किए गए निवेदनों पर विचार करने के पश्चात् बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और अधिरोपित की जाने के लिए शास्ति की तथा उन आधारों की सिफारिश करेगा जिनके आधार पर अधिरोपित शास्ति न्यायसंगत है ।

40. कारण बताओ सूचना और आदेश :—(1) जांच अधिकारी से रिपोर्ट की प्राप्ति पर बोर्ड उस पर विचार करेगा और कारण बताओ सूचना जारी करेगा कि जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तावित शास्ति क्यों नहीं अधिरोपित की जानी चाहिए ।

(2) मर्चेंट बैंककार कारण बताओ सूचना की प्राप्ति की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर बोर्ड को उत्तर भेजेगा ।

(3) बोर्ड कारण बताओ सूचना के उत्तर पर यदि प्राप्त हुआ हो, विचार करने के पश्चात् यथासंभव शीघ्र किंतु उत्तर, यदि कोई हो, की प्राप्ति से तीस दिन की समाप्ति पर ऐसा आदेश पारित करेगा जो वह ठीक समझे ।

(4) उप-विनियम (3) के अधीन पारित प्रत्येक आदेश स्वतः पूर्ण होगा और उसमें कथित निष्कर्षों के लिए जिनके अन्तर्गत उस आदेश द्वारा अधिरोपित शास्ति के लिए औचित्य होगा, कारण दिए जाएंगे ।

(5) बोर्ड उप-विनियम (3) के अधीन आदेश की एक प्रति मर्चेंट बैंककार को भेजेगा ।

41. मर्चेंट बैंककार के रजिस्ट्रीकरण के निलंबन और रद्दकरण का प्रभाव:—(1) मर्चेंट बैंककार के रजिस्ट्रीकरण के निलंबन की तारीख से ही वह निलंबन की अवधि के दौरान मर्चेंट बैंककार के रूप में कोई क्रियाकलाप करना बंद कर देगा ।

(2) रद्दकरण की तारीख से ही मर्चेंट बैंककार मर्चेंट बैंककार के रूप में कोई क्रियाकलाप करना तुरंत प्रभावी रूप से बंद कर देगा ।

42. निलंबन के आदेश का प्रकाशन:—विनियम 40 के उप-विनियम (3) के अधीन पारित प्रमाणपत्र के निलंबन या रद्दकरण का आदेश बोर्ड द्वारा कम से कम दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा ।

43. केन्द्रीय सरकार को अपील:—बोर्ड के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति केन्द्रीय सरकार को अपील कर सकेगा ।

अनुसूची-1—प्ररूप

प्ररूप क

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

(मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992

(विनियम 3)

प्रमाणपत्र दिए जाने, प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए आवेदन

आवेदक का नाम . . . . . .

प्रवर्ग जिसके लिए आवेदन किया गया है I/II/III/IV

संपर्क नाम . . . . . .

टेलीफोन नं. . . . . .

प्ररूप भरने के लिए अनुदेश ।

(1) आवेदकों को उचित समर्थन दस्तावेजों सहित पूरी तरह से भरा हुआ आवेदन पत्र बोर्ड को प्रस्तुत करना चाहिए।

(2) यह आवश्यक है कि यह आवेदन-पत्र विनियमों के अनुसार भरा जाना चाहिए ।

(3) रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन पर तभी विचार किया जाएगा जब वह सभी प्रकार से पूर्ण हो।

(4) उत्तर अंकित किए जाने चाहिए।

(5) जिस जानकारी के अधिक ब्यौरे देना आवश्यक है वह प्रथक पत्रों पर दी जा सकेगी जो आवेदन प्रारूप के साथ संलग्न किए जाएंगे ।

6. सभी हस्ताक्षर मूल होने चाहिएं ।

1. आवेदक की विशिष्टियां

3.1 आवेदक का नाम . . . .

1.2 (क) पता-कारबार का मुख्य स्थान/रजिस्ट्रीकृत कार्यालय:—

पिन कोड़———— टेलीफोन नं.————

टेलेक्स नं.———— फैक्स नं.————

(ख) पत्र-व्यवहार के लिए पता :—

पिन कोड़———— टेलीफोन नं.————

टेलेक्स नं.———— फैक्स नं.————

(ग) शाखा कार्यालयों का पता:—

2. संगठन संरचना (संगठन चार्ट जिसमें मर्चेंट बैंककारी क्रियाकलाप की कृत्यों संबंधी उत्तरदायित्व पृथक रुप से दर्शित किए जाएंगे, संलग्न किया जाएगा)

2.1 उद्देश्य (संक्षेप में दिए जाएंगे जिनके साथ संगम-ज्ञापन और संगम-अनुच्छेद भी संलग्न किए जाएंगे)

2.2 निगमन की तारीख और स्थान

तारीख मास वर्ष स्थान

2.3 आवेदक की प्रास्थिति :—(अर्थात् लिमिटेड कंपनी-प्राइवेट/पब्लिक असीमित कंपनी भागीदारी, स्वत्वधारी, अन्य सूचीबद्ध हो, स्टाक एक्सचेंजों के नाम और नवीनतम शेयर कीमत दी जाएगी)

2.4 सभी निदेशकों/भागीदारों/स्वत्वधारियों की विशिष्टियां :—

नाम	अर्हता	मर्चेंट बैंककारी और वित्तीय सेवाओं से संबंधित क्षेत्रों में अनुभव	आवेदक की फर्म कंपनी में शेयर	अन्य कंपनियों में निदेशक पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

2.5 मुख्य प्रबंध कार्मिक की विशिष्टियां (मर्चेंट बैंककारी प्रभाग की विशिष्टियां)

नाम	अर्हता	मर्चेंट बैंककारी के प्रति विशेष निर्देश सहित अनुभव	नियुक्ति की तारीख	कृत्यक क्षेत्र

2.6 सहयुक्त कंपनियों/समुत्थानों के नाम और क्रियाकलाप

कंपनी/फर्म का नाम	पता	किए गए क्रियाकलाप का प्रकार	संप्रवर्तक/निदेशक के हित की प्राप्ति	आवेदक कंपनी के हित की प्रकृति

3. कारबार संबंधी जानकारी

3.1 इतिहास, मुख्य घटनाएं और वर्तमान क्रियाकलाप

3.2 मर्चेंट बैंककारी क्रियाकलाप में अनुभव के ब्यौरे

3.3 की गई अन्य वित्तीय सेवाओं में अनुभव:—

3.4 पिछले तीन वर्ष के दौरान किया गया कारबार

(क) निर्गमन प्रबन्ध

ग्राहक का नाम	निर्गमन का प्रकार	निर्गमन का आकार	निर्गमन वर्ष	कितनी बार अभिदान गया	अग्रणी-मर्चेंट किया बैंककार का नाम	कृत्यक उत्तर दायित्व
1	2	3	4	5	6	7

(ख) विनिधान सलाहकार

ग्राहक का नाम	वर्ष जिसके लिए सेवाएं की गई हैं	की गई सेवाओं की प्रकृति
(1)	(2)	(3) (4)

(ग) निम्नांकन

ग्राहक का नाम	निर्गमन वर्ष	निर्गमन का प्रकार और आकार	निम्नांकित रकम	निम्नांकित निर्गमन का प्रतिशत	क्या कोई न्यूनीकरण हुआ और रकम

(घ) संविभाग प्रबंध

स्कीम का नाम	स्कीम की विलक्षणताएं	ग्राहकों की संख्या	प्रबंधित निधियों की कुल मात्रा	औसत प्रत्यागम

(ङ) निर्गमन के परामर्शी सलाहकार

ग्राहक का नाम	निर्गमन वर्ष	निर्गमन का प्रकार और आकार	की गई सेवाओं की प्रकृति	अग्रणी मर्चेंट बैंककार(रों) का नाम

4. ग्राहकों संबंधी जानकारी

4.1 पते सहित मुख्य ग्राहकों की सूची

नाम	की गई सेवाएं

4.2 यदि आवेदक का मर्चेंट बैंककारी क्रियाकलाप में पहली बार लगने का प्रस्ताव है तो मुख्य प्रबंध कार्मिक का अनुभव दे किया जाए।

मुख्य प्रबंध कर्मिक का नाम	अर्हता	पहले धारित पद	विशेष रूप से मर्चेंट बैंककारी क्रियाकलाप में अनुभव

4.2 (क) यदि आवेदक का मर्चेंट बैंककारी क्रियाकलाप में पहली बार लगने का प्रस्ताव है तो कंपनी की कारबार योजना के साथ क्रियाकलाप की आशयित मात्रा और आय जिसके लिए रजिस्ट्रीकरण अपेक्षित है विनिर्दिष्ट रूप से दी जानी चाहिए।

4.3 अवसंरचना के ब्योरे जिनके अन्तर्गत आवेदक के पास उपलब्ध संगणना सुविधाएं, ईक्विटी अनुसंधान और डाटा आधार हैं

4.4 आवेदक द्वारा की गई सेवाओं की प्रकृति से सुसंगत समझी गई कोई अन्य जानकारी।

5. वित्तीय जानकारी

5.1 पूंजी संरचना

(लाख रुपए में)

	चालू वर्ष के पूर्ववर्ती वर्ष का पूर्विक वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष	चालू वर्ष
(क) समादत्त पूंजी			
(ख) खुली आरक्षितियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों को छोड़कर)			
(ग) कुल (क) + (ख)			

टिप्पण : 1. भागीदारी या स्वत्वधारी समुत्थानों की दशा में कृपया पूंजी घटा आहरण वर्णित करें।

2. भागीदारी या स्वत्वधारी समुत्थानों की दशा में कृपया भागीदारों की वित्तीय स्थिति, साधन और मिल्कियत वर्णित करें।

5.2 संसाधनों का अभिनियोजन

(लाख रुपये में)

	चालू वर्ष के पूर्ववर्ती वर्ष का पूर्विक वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष	चालू वर्ष
(क) स्थिर आस्तियां			
(ख) संयंत्र और मशीनरी तथा कार्यालय उपस्कर			
(ग) उत्कथित विनिधान			
(घ) अनुत्कथित विनिधान			
(ङ) नकदी में संपरिवर्तनीय आस्तियों के ब्योरे			
(च) अन्य			

(विनिधानों, सहयुक्त कंपनियों/फर्मों को दिए गए ऋण और उधार जहां संप्रवर्तकों/निदेशकों का हित है, के ब्योरे पृथक रूप से दिए जाएं।

5.3 आय के मुख्य स्रोत :

(लाख रुपए में)

	चालू वर्ष के पूर्ववर्ती वर्ष का पूर्विक वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष	चालू वर्ष	निर्गमन के प्रतिशत के रूप में प्रभारित फीस

मर्चेंट बैंककार द्वारा प्रभारित फीस प्रत्येक निर्गमन के लिए अलग अलग हो सकती है कृपया वह सीमा वर्णित करें जिसके बीच फीस प्रभारित की गई है।

(क) निर्गमन प्रबंध
(ख) निम्नांकित
(ग) संविभाग प्रबंध
(घ) निर्गमन का परामर्शी सलाहकार
(ङ) विनिधान सलाहकार
(च) अन्य

5.4 शुद्ध लाभ

	चालू वर्ष के पूर्ववर्ती वर्ष का पूर्विक वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष	चालू वर्ष

टिप्पण : कृपया तीन वर्ष के परीक्षित वार्षिक लेखा संलग्न करें। जहां अपरीक्षित रिपोर्टें प्रस्तुत की जाती हैं वहां कारण बताएं। यदि न्यूनतम शुद्ध मिल्कियत अपेक्षा पिछले परीक्षित वार्षिक लेखा के पश्चात् पूरी कर ली गई है तो किसी पश्चात्वर्ती तारीख को परीक्षित लेखा विवरण भी प्रस्तुत किया जाए।

5.6 मुख्य शेयरधारकों की सूची (जो आवेदक का 5% और ऊपर सीधे या सहयुक्तों के साथ धारण करते हों—केवल लिमिटेड कंपनियों को लागू है)

.....को शेयरधारिता

शेयरधारक का नाम	धारित शेयरों की संख्या	कंपनी की कुल समादत्त पूंजी का प्रतिशत

5.7 आवेदक के मुख्य बैंककारों का नाम और पता

5.8 लेखापरीक्षकों का नाम और पता :

6. अन्य जानकारी

6.1 सभी तय हुए और लंबित विवाद :

विवाद की प्रकृति	पक्षकार का नाम	लंबित-तय

6.2 पिछले तीन वर्ष में आवेदक या किसी निदेशक या मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों द्वारा किन्हीं आर्थिक अपराधों में लिप्त होने का अभ्यारोपण।

घोषणा

यह घोषणा यथास्थिति, दो निदेशकों, दो भागीदारों या एक मात्र स्वत्वधारी द्वारा हस्ताक्षरित की जानी चाहिए।

मैं/हम इसके द्वारा रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करता हूं/करते हैं। मैं/हम वारंटी देता हूं/देते हैं कि मैं/हम ने ऊपर प्रश्नों के सत्य और पूर्ण उत्तर दिए हैं और सभी जानकारी दी है जो मेरे/हमारे रजिट्रीकरण के प्रयोजनों के लिए युक्तियुक्त रूप से सुसंगत समझी जा सकती है।

मैं/हम घोषणा करता हूं/करते हैं कि आवेदन प्ररूप में दी गई जानकारी पूर्ण और सही है।

(आवेदक का नाम के लिए और उसकी ओर से)

निदेशक/भागीदार या एकमात्र स्वत्वधारी निदेशक/भागीदार

स्पष्ट अक्षरों में नाम	स्पष्ट अक्षरों में नाम
---	---
तारीख	तारीख

प्ररूप ख

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

(मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992

(विनियम 8)

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र

I. बोर्ड, उसके द्वारा बनाए गए नियमों और विनियमों के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 12 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसके द्वारा प्रवर्ग I*/II*/III*/IV* में मर्चेंट बैंककार के रूप में .....को नियमों में शर्तों के अधीन रहते हुए और विनियमों के अनुसार निम्नलिखित क्रियाकलाप करने का रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र देता है :—

*1. किसी निर्गमन का प्रबंध जिसके अन्तर्गत प्रास्पेक्टस तैयार करना, निर्गमन से संबंधित जानकारी एकत्र करना, वित्तपोषण संरचना अवधारित करना, वित्तदाताओं से संबंध बनाना, अन्तिम आबंटन और अधिक आवेदन धनराशि का प्रतिदाय है।

*2. विनिधन सलाहकार

*3. निर्गमनों का निम्नांकन

*4. संविधान प्रबंध सेवाएं

*5. किसी निर्गमन के प्रबंधक, परामर्शी या सलाहकार जिनके अन्तर्गत निर्गमित सलाहकार सेवाएं हैं।

*6. परामर्शी या सलाहकार

*जो लागू न हो उसे काट दें।

II. मर्चेंट बैंककार के लिए रजिस्ट्रीकरण कोड वा. बै/ / / / / / हैं।

III. यह प्रमाणपत्र ....से ....तक विधिमान्य होगा और जैसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992 में विनिर्दिष्ट है नवीकृत किया जा सकेगा।

स्थान :
तारीख

आदेश द्वारा
ह.
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के लिए
और उसकी ओर से

अनुसूची 2

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
(मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992
(विनियम 12)

फीस

(1) प्रत्येक मर्चेंट बैंककार इस अनुसूची के पैरा 3 और (4) के अधीन रहते हुए रजिस्ट्रीकरण फीस का संदाय करेगा और जैसे दी गई है :

(क) प्रवर्ग-I मर्चेंट बैंककार:—आरंभिक रजिस्ट्रीकरण की तारीख से प्रारंभ होने वाले पहले दो वर्ष के लिए 2.5 लाख रुपए की राशि का प्रति वर्ष संदाय किया जाएगा और तत्पश्चात् तीसरे वर्ष के लिए रजिस्ट्रीकरण को प्रवृत्त रखने के लिए एक लाख रुपए की राशि का संदाय किया जाएगा ।

(ख) प्रवर्ग II मर्चेंट बैंककार:—आरंभिक रजिस्ट्रीकरण की तारीख से प्रारंभ होने वाले पहले दो वर्ष के लिए 1.5 लाख रुपए की राशि का प्रति वर्ष संदाय किया जाएगा और तत्पश्चात् तीसरे वर्ष के लिए रजिस्ट्रीकरण को प्रवृत्त रखने के लिए 50,000 रुपए की राशि का संदाय किया जाएगा ।

(ग) प्रवर्ग-III मर्चेंट बैंककार:—आरंभिक रजिस्ट्रीकरण की तारीख से प्रारंभ होने वाले पहले दो वर्ष के लिए एक लाख रुपए की राशि का प्रति वर्ष संदाय किया जाएगा और तत्पश्चात् तीसरे वर्ष के लिए रजिस्ट्रीकरण को प्रवृत्त रखने के लिए 25,000 रुपए की राशि का संदाय किया जाएगा ।

(घ) प्रवर्ग-IV मर्चेंट बैंककार:—आरंभिक रजिस्ट्रीकरण की तारीख से प्रारंभ होने वाले पहले दो वर्ष के लिए 5,000 रुपए की राशि का प्रति वर्ष संदाय किया जाएगा और पतत्पश्चात् तीसरे वर्ष के लिए रजिस्ट्रीकरण को प्रवृत्त रखने के लिए 1,000 रुपए की राशि का संदाय किया जाएगा ।

(2) नवीकरण फीस का मर्चेंट बैंककार द्वारा संदाय किया जाएगा ।

(क) प्रवर्ग-I मर्चेंट बैंककार:—प्रत्येक नवीकरण की तारीख से पहले दो वर्ष के लिए एक लाख रुपए की राशि का प्रति वर्ष संदाय किया जाएगा और तत्पश्चात् तीसरे वर्ष के लिए उसके रजिस्ट्रीकरण को प्रवृत्त रखने के लिए 20,000/- रुपए की राशि का संदाय किया जाएगा,

(ख) प्रवर्ग-II मर्चेंट बैंककार:—प्रत्येक नवीकरण की तारीख से पहले दो वर्ष के लिए 75000 रुपए की राशि का प्रति वर्ष संदाय किया जाएगा और तत्पश्चात् तीसरे वर्ष के लिए उसके रजिस्ट्रीकरण को प्रवृत्त रखने के लिए 10,000 रुपए की राशि का संदाय किया जाएगा,

(ग) प्रवर्ग-III मर्चेंट बैंककार:—प्रत्येक नवीकरण की तारीख से पहले दो वर्ष के लिए 50,000 रुपए की राशि का प्रति वर्ष संदाय किया जाएगा और तत्पश्चात् तीसरे वर्ष के लिए उसके रजिस्ट्रीकरण को प्रवृत्त रखने के लिए 5000 रुपए की राशि का संदाय किया जाएगा,

(घ) प्रवर्ग-IV मर्चेंट बैंककार:—प्रत्येक नवीकरण की तारीख से पहले दो वर्ष के लिए 5,000 रुपए की राशि का प्रतिवर्ष संदाय किया जाएगा और तत्पश्चात् तीसरे वर्ष के लिए उसके रजिस्ट्रीकरण को प्रवृत्त रखने के लिए 2500 रुपए की राशि का संदाय किया जाएगा ।

(3) ऊपर पैरा (1) और (2) में विनिर्दिष्ट फीस का संदाय निम्नलिखित रीति से किया जाएगा :—

(क) पहली किस्त का संदाय विनियम 8 के अधीन बोर्ड से सूचना की तारीख से 15 दिन के भीतर किया जाना है ।

(ख) पश्चात्वर्ती किस्तों का संदाय जिनके अन्तर्गत नवीकरण फीस है रजिस्ट्रीकरण के प्रत्येक वर्ष के,

जो ऐसा रजिस्ट्रीकरण मंजूर किए जाने की तारीख से आरंभ होगा, 12 मास की समाप्ति पर या उसके पूर्व संदाय किया जाएगा ।

(4) ऊपर पैरा (1) और (2) में विनिर्दिष्ट फीस मुम्बई में "भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड" के पक्ष में चैक, ड्राफ्ट या अन्य लिखत द्वारा संदेय होगी ।

अनुसूची 3

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
(मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992

मर्चेंट बैंककारों के लिए आचार संहिता

(विनियम 13)

1. मर्चेंट बैंककार अपने कारबार के संचालन में अपने ग्राहकों और अन्य मर्चेंट बैंककारों के साथ ईमानदारी और औचित्य के उच्च मानकों का पालन करेगा ।

2. मर्चेंट बैंककार सभी समयों पर उच्चस्तर की सेवा देगा, सम्यक् तत्परता का प्रयोग करेगा, उचित सावधानी सुनिश्चित करेगा और स्वस्थ वृत्तिक विवेकबुद्धि का प्रयोग करेगा । जहां कहीं आवश्यक हो, वह पक्षपात रहित सेवाएं देते हुए ग्राहकों को कर्तव्यों और हितों के विरोध के संभव स्रोत प्रकट करेगा ।

3. मर्चेंट बैंककार कोई ऐसा कथन नहीं करेगा या किसी ऐसे कार्य, आचरण या अनुचित प्रतियोगिता का संसर्गी नहीं होगा जो किसी अन्य कार्य के लिए स्पर्धा या उसे निष्पादित करते हुए अन्य मर्चेंट बैंककारों के हितों के लिए अपहानिकर होना संभाव्य है या जिससे ऐसे अन्य मर्चेंट बैंककारों को मर्चेंट बैंककार के संबंध में अहितकर स्थिति में डालना संभाव्य है ।

4. कोई मर्चेंट बैंककार ग्राहक से अर्हता या कुछ सेवाएं देने की क्षमता या अन्य ग्राहकों को दी गई सेवाओं की बाबत अपनी उपलब्धियों की बाबत बढ़ा-चढ़ा कर कोई कथन, चाहे मौखिक या लिखित नहीं करेगा ।

5. मर्चेंट बैंककार सदैव —

(क) ग्राहकों की आवश्यकताओं और पर्यावरण तथा स्वयं अपने वृत्तिक कौशल को ध्यान में रखते हुए सर्वोत्तम संभव सलाह देने का प्रयास करेगा, और

(ख) यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि सभी वृत्तिक व्यवहार तत्पर, दक्ष और लागत प्रभावी रीति से किए जाते हैं ।

6. मर्चेंट बैंककार—

(क) अपने ग्राहक के बारे में कोई गोपनीय जानकारी, जिसका उसे ज्ञान हो गया है अन्य ग्राहकों, प्रेस या किसी अन्य पक्षकार को प्रकट नहीं करेगा, और

(ख) बोर्ड को जैसा विनियमों के अधीन अपेक्षित है और ग्राहक कंपनी के निदेशक बोर्ड को भी प्रकटीकरण किए बिना किसी ग्राहक कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यवहार नहीं करेगा ।

7. मर्चेंट बैंककार यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि—

(क) विनिधानकर्ताओं को कोई भ्रामक या बढ़ाए-चढ़ाए दावे किए बिना सत्य और पर्याप्त जानकारी दी जाती है और इसके पूर्व कि उनके द्वारा कोई विनिधान विनिश्चय किया जाता है उन्हें होने वाली जोखिमों से अवगत करा दिया जाता है ।

(ख) प्रास्पेक्टस, ज्ञापन और संबंधित इतिहास की प्रतियां विनिधानकर्ताओं को उपलब्ध करा दी जाती हैं ।

(ग) प्रतिभूतियों के उचित आबंटन और आवेदन धनराशि के अविलंब प्रतिदाय के लिए पर्याप्त कदम उठाए जाते हैं, और

(घ) विनिधानकर्ताओं से शिकायतों पर पर्याप्त कार्यवाही की जाती है ।

8. मर्चेंट बैंककार साधारणतया और विशिष्टतया किन्हीं प्रतिभूतियों के निर्गमन की बाबत—

(क) छद्म बाजार के सृजन में भागीदार नहीं होंगे,

(ख) कीमत उतार-चढ़ाव या छल साधन में भागीदार नहीं होंगे,

(ग) दलालों, स्टाक एक्सचेंजों के सदस्यों और पूंजी बाजार में अन्य सट्टेबाजों को कीमत संवेदनशील जानकारी देने में भागीदार नहीं होंगे या कोई ऐसी कार्रवाई नहीं करेंगे जो आचारविरुद्ध और विनिधानकर्ताओं के प्रति अनुचित है ।

9. मर्चेंट बैंककार अधिनियम, नियमों और विनियमों के उपबंधों का जो मर्चेंट बैंककार द्वारा किए जा रहे क्रियाकलाप को लागू हो और उनसे सुसंगत हो, पालन करेगा ।

जी. वी. रामकृष्ण, अध्यक्ष, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

NOTIFICATION

Bombay, the 22nd December, 1992

SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

(MERCHANT BANKERS) REGULATIONS, 1992

No. LE/11112/92.—In exercise of the powers conferred by Section 30 of the Securities and Exchange Board of India Act, 1992 (15 of 1992), the Board, with the previous approval of the Central Government, hereby makes the following regulations, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These regultaions may be called the Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) Regulations, 1992.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.—In these regulations, unless the context otherwise requires,—

(a) "enquiry officer" means any Officer of the Board, or any other person, having experience in dealing with the problems relating to the securities market, who is authorised by the Board under Chapter V;

(b) "form" means a form specified in Schedule I;

(c) "inspecting authority" means one or more persons appointed by the Board to exercise powers conferred under Chapter IV;

(d) "principal officer" means—

(i) proprietor, in the case of a proprietary concern,

(ii) partner, in the case of a partnership firm;

(iii) director, in the case of a body corporate who is responsible for the activities of the merchant banker.

(e) "rules" means Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) Rules, 1992;

(f) Words and expressions used and not defined in these regulations but defined in the Act and the rules shall have the meanings respectively assigned to them in the Act or the rules as the case may be.

Chapter II

REGISTRATION OF MERCHANT BANKERS

3. Application for grant of certificate.—(1) An application by a person for grant of a certificate shall be made to the Board in Form A.

(2) The application under sub-regulation (1) shall be made for any one of the following categories of the merchant bankers, namely :—

(a) Category I, that is—

(i) to carry on any activity of the issue management, which will inter-alia consist of preparation of prospectus and other information relating to the issue, determining financial structure, tie up of financiers and final allotment and refund of the subscription; and

(ii) to act as adviser consultant manager, underwriter, portfolio manager;

(b) Category II, that is to act as adviser, consultant, co-manager, underwriter, protfolio manager;

(c) Category III, that is to act as underwriter, adviser, consultant to an issue;

(d) Category IV, that is to act only as adviser or consultant to an issue.

(3) Notwithstanding anything contained in sub-regulation (1) any application made by a merchant banker prior to coming into force of these regulations containing such particulars or as near thereto as mentioned in Form A shall be treated as an application made in pursuance of sub-regulation (1) and dealt with accordingly.

4. Application to conform to the requirements.—Subject to the provisions of sub-regulation (3) of regulation 3, any application, which is not complete in all respects and does not conform to the instructions specified in the form, shall be rejected :

Provided that, before rejecting any such application, the applicant shall be given an opportunity to remove within the time specified such objections as may be indicated by the Board.

5. Furnishing of information, clarification and personal representation.—(1) The Board may require the applicant to furnish further information or clarification regarding matters relevant to the activity of a merchant banker for the purpose of disposal of the application.

(2) The applicant or its principal officer shall, if so required, appear before the Board for personal representation.

6. Consideration of application.—The Board shall take into account for considering the grant of a certificate, all matters which are relevant to the activities relating to merchant banker and in particular the applicant complies with the following requirements, namely :—

(a) the applicant has the necessary infrastructure like adequate office space, equipments and manpower to effectively discharge his activities;

(b) the applicant has in his employment minimum of two persons who have the experience to conduct the business of merchant banker;

